केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश को दी 6,629 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात, बोले

मोदी और मनोहर की जोड़ी ने हरियाणा को बनाया नंबर वन, धरातल पर उतरीं योजनाएं

बिजेंद्र बंसल ● फरीदाबाद

- फरीदाबाद की जन उत्थान रैली में हुड्डा और चौटाला पर हमलावर हुए शाह
- हरियाणा एक, हरियाणवी एक के मनोहर नारे पर मुहर लगा गए गृह मंत्री
- मनोहर लाल व दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में सरकार के कार्यों की तारीफ की

हरियाणा में भाजपा सरकार के आठ साल पूरे होने पर फरीदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर के अब तक के कामकाज का आकलन करते हुए उन्हें 100 में 100 नंबर दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जोड़ी ने हरियाणा को देश का नंबर वन राज्य बनाया है। मनोहर लाल ने प्रदेश में मोदी की नीतियां धरातल पर लागू कर हर जरूरतमंद तक केंद्रीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। गुरुवार को अमित शाह ने प्रदेश को 6,629 करोड़ की चार परियोजनाओं की सौगात दी।

फरीदाबाद में भाजपा की जन उत्थान रैली के दौरान शाह ने बार-बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार की तारीफ की और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा में प्रतिनिधि बताया। शाह ने कहा कि हरियाणा खाद्यान्न व दुग्ध उत्पादन में देश में दूसरे नंबर पर है। देश में हरियाणा पहला राज्य है, जहां पढ़ी-लिखी पंचायतें हैं। ओलिंपिक खेलों में पदक जीतने वाले प्रदेशों में हरियाणा एक नंबर पर है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम (एमएसएमई) और नवाचार (इनोवेशन) की रैंकिंग में प्रदेश तीसरे स्थान पर है।

शाह ने कहा कि मनोहर सरकार ने मारुति जैसे नए उद्योग तो लगाए ही, साथ ही तबादला उद्योग पर ताला लगा दिया। साफ्टवेयर निर्यात में हरियाणा देश का दूसरा राज्य बन गया है। पहले हरियाणा निर्यात में 16वें स्थान पर था, लेकिन अब सातवें स्थान पर है। शाह ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर प्रत्यक्ष और ओमप्रकाश चौटाला पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला बोला। शाह ने कहा कि पहले हरियाणा में सिरसा या रोहतक का ही सीएम होता था, लेकिन मनोहर लाल पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं।

शाह की सौगात >> पेज 7

फरीदाबाद सेक्टर-12 से परियोजनाओं का रिमोट के जरिये उद्घाटन व शिलान्यास करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, कृष्णपाल गुर्जर, सीएम मनोहर लाल, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी मौजूद रहे ● संजय शर्मा

शाह ने कहा-दरबारी, दामाद और डीलर की सरकार चलाते थे पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा

शाह ने कहा कि मनोहर लाल ने आठ साल में हरियाणा को बदलने का काम किया है। उन्होंने न तो भ्रष्टाचार होने दिया और न ही भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया, जबकि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की थ्री-डी सरकार हरियाणा में चलती थी। थ्री-डी के मायने बताते हुए शाह ने कहा कि हुड्डा की सरकार में दरबारी, दामाद और डीलर थे। 48 साल रहे मुख्यमंत्रियों के शासन पर मनोहर का आठ साल का शासन का पलड़ा भारी है।

मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री के लिए गिनाए थे 15 नाम

शाह ने कहा कि आठ साल पहले जब उन्होंने मनोहर लाल से सीएम बनाने के लिए नाम पूछे तो उन्होंने अपनी सज्जनता दिखाते हुए 15 नाम गिना दिए, मगर खुद का नाम नहीं लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पारखी नजरों ने हरियाणा को एक कुशल नेतृत्व मनोहर लाल के रूप में दिया है।

इन परियोजनाओं की मिली सौगात

- पलवल से हरसाना कलां तक 5,618 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर का शिलान्यास
- सोनीपत के बड़ी में 590 करोड़ रुपये की लागत से तैयार रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उद्घाटन
- 315.40 करोड़ की लागत से रोहतक एलिवेटेड रेल पथ
- 106 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हरियाणा पुलिस आवास भोंडसी का उद्घाटन